>

Title: Need to give recognition to Chhattisgarhi dialect.

श्री पुन्नूलाल मोहले (बिलासपुर): उपाध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ की बोली को भाषा का दर्जा दिए जाने के संबंध में मैं अनुरोध करना चाहूंगा। यह भाÂषा छत्तीसगढ़ एवं अन्य प्रान्तों में बोली जाती है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विरासत और कारोबार छत्तीसगढ़ी भाÂषा में किया जाता है। जिस तरह से केरल की भाÂषा मलयालम है, तमिलनाडु की भाÂषा तमिल है, पश्चिम बंगाल की भाÂषा बंगाली है, राजस्थान में राजस्थानी और गुजरात में गुजराती बोली जाती है एवं उन्हें दर्जा प्राप्त है। इसी तरह से छत्तीसगढ़ की बोली को भाÂषा का दर्जा दिया जाए। लोक सभा और विधान सभा में 13 भाÂाओं का अनुवाद किया जाता है। इसी तरह से छत्तीसगढ़ की बोली का अनुवाद होना चाहिए। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के शासन के द्वारा शासकीय संकल्प का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास भेजा गया है। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि छत्तीसगढ़ की भाषा को राजकीय भाÂषा का दर्जा दिया जाए।